कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
नगर विकास प्रमंडल (बुडको),
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

पत्रांकः— /बेतिया, दिनांकः—......../......./2020

:—कार्यालय आदेशः—

अमृत मिशन के अन्तर्गत बेतिया, जलापूर्ति योजना फेज—1 के कार्य का एकरारनामा संवेदक, M/s Nalanda Engicon Pvt. Ltd.(JV) के साथ दिनांक—06.03.2018 को किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि, दिनांक—05.03.2020 है। परन्तु, अबतक कार्य की भौतिक प्रगति 50% से भी कम है।

संवेदक को कार्य में प्रगति लाने के लिए इस कार्यालय द्वारा कुल 13(तेरह) अदद् नोटिस निर्गत किया गया है। उन्हे अन्तिम नोटिस इस कार्यालय के पत्रांक—376, दिनांक—10.10.2020 के माध्यम से दी गई है। साथ ही मुख्यालय के पत्रांक—7024, दिनांक— 12.10.2020 के आलोक में संवेदक को पाईप लाईन बिछाने एवं गृह जल संयोजन हेतु दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के लिए इस कार्यालय के पत्रांक—381, दिनांक—13.10.2020 के माध्यम से निदेशित किया गया है। परन्तु, संवेदक निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने में विफल रहे हैं।

अतः संवेदक (**M/s Nalanda Engicon Pvt. Ltd.(JV)** को एकरारनामा के सामान्य निर्देश (General) की कंडिका—4.8 —सहपठित— पथ निर्माण विभाग, बिहार के ज्ञापांक—2131(S) पटना, दिनांक—13.03.2009 के आलोक में अमृत मिशन के अन्तर्गत कार्यान्वित बेतिया जलापूर्ति योजना फेज—1 के कार्य की पूर्णता तक किसी भी विभाग द्वारा आमंत्रित निविदाओं में भाग लेने से **Debar** किया जाता है।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता,
नगर विकास प्रमंडल(बुडको
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

ज्ञापांक— दिनांक—

प्रतिलिपिः— M/s Nalanda Engicon Pvt. Ltd.(JV) को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियंता, नगर विकास एवं आवास विभाग, तिरहुत अंचल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सिवरेज, उत्तर बिहार उपभाग,बुडको को सादर सूचनार्थ समर्पित।

कार्यपालक अभियंता,
नगर विकास प्रमंडल(बुडको
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

Scanned by CamScanner

ज्ञापांक – 389 / दिनांक – 21/10/2020

प्रतिलिपिः– IT Manager, बुडको को सूचनार्थ प्रेषित एवं उनसे अनुरोध है कि इस आदेश को बुडको के Website पर Upload करने की कृपा करेंगे।

21/10/2020

कार्यपालक अभियंता,
नगर विकास प्रमंडल(बुडको
पश्चिम चम्पारण, बेतिया।

Scanned by CamScanner